**बरेली पुलिस**

**प्रेस नोट**

**दिनांक 20.09.2025**

## थाना बिथरी चैनपुर

**थाना बिथरी चैनपुर #bareillypolice द्वारा दिनांक 16.09.2025 को युवती को घायल अवस्था में कार से हाईवे किनारे फेकने वाले आरोपी डाक्टर को किया गिरफ्तार, कब्जे से घटना मे प्रयुक्त लोहे का पाना, तेजाब की एक खाली व एक भरी बोतल व प्रयोगशुदा एक जोड़ी मेडिकल ग्लब्स बरामद।**

**घटना का संक्षिप्त विवरण/परिचयः-**

जनपद बरेली में अपराध की घटनाओं पर अंकुश लगाने व वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना बिथरी चैनपुर पुलिस टीम द्वारा आज दिनांक 20.09.2025 को मु0अ0सं0 453/25 धारा 64(2)m/109/124 बीएनएस में वांछित अभियुक्त डॉक्टर श्रीपाल पुत्र सुखलाल निवासी पवन विहार कालोनी थाना बारादरी बरेली हाल पता संचालक श्री अनन्तरूप हॉस्पिटल बीसलपुर चौराहा बरेली उम्र -28 वर्ष को समय 12.05 बजे थाना हाजा पर बने आगन्तुक कक्ष से गिरफ्तार किया गया है।

**सूचना, पुलिस टीम एवं कार्यवाहीः-**

दिनांक 16.09.2025 को डायल 112 की सूचना प्राप्त हुयी कि एक लडकी हाईवे के किनारे घायल अवस्था मे पडी है। इस सूचना पर पीआरवी 231 मौके पर पहुची उच्चाधिकारीगण की सूचना पर प्रभारी निरीक्षक चन्द्र प्रकाश शुक्ल व उ0नि0 पवन कुमार शर्मा चौकी रजऊ परसपुर मय हमराही मौके पर पहुचे तो तत्काल ही पीडिता को एम्बुलेस से सीएचसी बिथरीचैनपुर बरेली लाया गया। जहा पर प्राथमिक उपचार के बाद पीडिता ने जनपद बदायूं की निवासनी होना बताया था, तथा अपने पिता का मोबाईल नम्बर भी बताया था इस पर उसके पिता को इस बात की सूचना दी और आने को कहा गया तो बताया कि मेरी लडकी मेरी मर्जी के बिना किसी के साथ रह रही है। इसीलिये मेरा पूरा परिवार नाराज है कोई भी वहा पर नही आयेगा। हालत खराब होने के कारण डाक्टर द्वारा बेहतर उपचार हेतु जिला अस्पताल बरेली रेफर कर दिया गया था। हालत मे ओर सुधार होने पर पीडिता ने बताया कि उसने रुहेलखंड विश्विधालय बरेली से ए.एन.एम का डिप्लोमा वर्ष 2023 मे किया है। उसके बाद वह श्री अनन्तरूप हॉस्पिटल बीसलपुर चौराहा बरेली मे नर्स के रुप मे कार्य करने लगी इसी दौरान उसका संपर्क अस्पताल संचालक श्रीपाल उपरोक्त के साथ हुआ। जब यह बात संचालक श्रीपाल उपरोक्त के घरवालो को पता चली तो उसने दिनांक 28.04.2025 को अपने अस्पताल से नौकरी से इस्तीफा दिलवाकर उसे कमला निवास संजय नगर थाना बारादरी बरेली मे किराये के मकान मे रख दिया तथा वही आता जाता रहा और वही किराये के मकान के रुम मे शादी कर लिया तथा कोर्ट मेरिज बाद मे करने का वादा कर लिया। और कोर्ट मेरिज करने का झांसा देकर लगातार दुष्कर्म करता रहा बाद मे पीडिता कविता द्वारा कोर्ट मेरिज करने का दबाव बनाया जाने लगा तो अभियुक्त श्रीपाल उपरोक्त ने पीडिता को अपने रास्ते से हटाने की योजना बनायी तथा दिनांक 16.09.2025 को पीडिता के पेट मे दर्द की शिकायत हुयी तो अभियुक्त डाक्टर श्रीपाल उपरोक्त पीडिता को किराये के कमरे से अपनी कार संख्या UP 25 DX 7129 बेलेनो से लेकर डोहरा रोड आकर अजन्ता स्वीटस की दुकान से ढोकला व बर्गर लेकर खिलवाया तथा इलाज के नाम पर कार मे ही दो नशे के इंजेक्शन लगा दिये। इस जानकारी के होने पर अभियुक्त डाक्टर श्रीपाल को दिनांक 17.09.25 को पूछताछ हेतु थाना लाया गया तथा उससे पूछताछ की जा रही थी उसने घटना का कारित करना बताया तथा पुन: मुकर गया तथा इसी दौरान उसने बीमार होने का नाटक किया और बताया कि हमे स्वास्थय संबधी समस्या उत्तपन्न हो गयी है तब उसे सामुदायिक स्वास्थय केन्द्र बिथरीचैनपुर बरेली भेजा गया तथा डाक्टर ने वहा से श्रीपाल उपरोक्त को जिला अस्पताल बरेली रेफर कर दिया था, जहां उसका उपचार किया गया। इसी दौरान पीडिता के स्वास्थय मे और सुधार होने पर थाना बिथरीचैनपुर बरेली पर नियुक्त म0उ0नि0 साक्षी शर्मा को कहा कि आप मेरी रिपोर्ट थाने मे दर्ज करा दो और बोल बोल कर म0उ0नि0 साक्षी शर्मा को घटना की सम्पूर्ण जानकारी देते हुए तहरीर लिखायी, जिसके आधार पर दिनांक 18.09.2025 को मु0अ0सं0 453/25 धारा 64(2)m/109/124 बीएनएस बनाम अभियुक्त डॉक्टर श्रीपाल पुत्र सुखलाल निवासी पवन विहार कालोनी थाना बारादरी बरेली हाल पता संचालक श्री अनन्तरूप हॉस्पिटल बीसलपुर चौराहा बरेली उम्र -28 वर्ष पंजीकृत किया गया है।

थाना बिथरी चैनपुर पुलिस टीम द्वारा आज दिनांक 20.09.2025 को मु0अ0सं0 453/25 धारा 64(2)m/109/124 बीएनएस में वांछित अभियुक्त डॉक्टर श्रीपाल पुत्र सुखलाल निवासी पवन विहार कालोनी थाना बारादरी बरेली हाल पता संचालक श्री अनन्तरूप हॉस्पिटल बीसलपुर चौराहा बरेली उम्र 28 वर्ष को समय 12.05 बजे थाना हाजा पर बने आगन्तुक कक्ष से गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त के विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए मा0 न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेजा गया।

**अभियुक्त का विवरण-**

अभियुक्त डॉक्टर श्रीपाल पुत्र सुखलाल निवासी पवन विहार कालोनी थाना बारादरी बरेली हाल पता संचालक श्री अनन्तरूप हॉस्पिटल बीसलपुर चौराहा बरेली उम्र -28 वर्ष

**घटना के सम्बन्ध मे पंजीकृत अभियोगः-**

मु0अ0सं0 453/25 धारा 64(2)m/109/124 बीएनएस थाना बिथरीचैनपुर बरेली ।

**पूछताछ एवं अभियुक्त का विवरणः**

दिनाकं 20.09.2025 को अभियुक्त डॉक्टर श्रीपाल पुत्र सुखलाल निवासी पवन विहार कालोनी थाना बारादरी बरेली हाल पता संचालक श्री अनन्तरूप हॉस्पिटल बीसलपुर चौराहा बरेली उम्र -28 वर्ष को जिला अस्पातल से डिस्चार्ज कर दिया गया तब अभियुक्त उपरोक्त को पुन: थाने पर लाकर पूछताछ की गयी तो इधर उधर की बात करता रहा तथा कडाई से पूछताछ करने पर टूट गया और अपने जुर्म को स्वीकार करते हुये बताया कि पीडिता डिप्लोमा करने के बाद मेरे यहां श्री अनन्तरूप हॉस्पिटल बीसलपुर चौराहा बरेली मे नर्स के रुप मे कार्य करने लगी इसी दौरान मेरा संपर्क पीडिता के साथ हुआ और हम दोनो मे प्यार हो गया । जब यह बात मेरे घरवालो को पता चली तो मैने दिनांक 28.04.2025 को अस्पताल से नौकरी इस्तीफा दिलवाकर उसे कमला निवास संजय नगर थाना बारादरी बरेली मे किराये के मकान मे रख दिया तथा वही आता जाता रहा । वही किराये के मकान के रुम मे शादी कर लिया तथा कोर्ट मेरिज बाद मे करने का वादा कर लिया और हम दोनो पति पत्नी के रुप मे रहने लगे। पीडिता को उसके परिवार से अलग करने के लिये मैने पीडिता से स्टाम्प पर नोटरी कराकर उसके घर जनपद बदायूं भिजवा दिया। बाद मे पीडिता द्वारा कोर्ट मेरिज करने का लगातार दबाव बनाया जाने लगा जिससे मेरे परिवार मे कलह होने लगी, इस पर मैने पीडिता उपरोक्त को अपने रास्ते से हटाने की योजना बनायी तथा दिनांक 16.09.2025 को पीडिता ने मुझे पेट मे दर्द की बात बतायी तब मैने सोचा की यही सही समय है कि पीडिता का काम तमाम कर दिया जाये और मै पीडिता को किराये के कमरे से समय करीब 17.00 बजे अपनी कार संख्या UP 25 DX 7129 बेलेनो से लेकर डोहरा रोड आकर अजन्ता स्वीटस की दुकान से ढोकला व बर्गर लेकर खिलवाया तथा इलाज के नाम पर कार मे ही दो नशे के इंजेक्शन लगा दिये। जब पीडिता बेहोश हो गयी तो मैने अपनी कार बेलेनो से नवदिया झादा होते हुये इन्वर्टिस विश्विधालय बडा बाईपास पर सुनसान जगह गोपालपुर नगरिया के पास उताकर समय करीब 20.00 बजे सडक के नीचे खीचकर ले गये था वहा उसके कपडे उतारकर उसके सर पर लोहे के पाना से प्रहार करके मार दिया था तथा पहचान छुपाने के लिये उसके चेहरे व शरीर के ऊपर तेजाब डाल दिया था। लेकिन बाद मे मुझे पता चला की वह जिन्दा बच गयी है। कविता के कपडो और लोहे के पाना के बारे मे पूछा तो बताया कि जिस जगह पर मैने यह घटना की है वहां पहुचकर उपरोक्त समस्त सामान बरामद करा दूंगा इस जानकारी पर फील्ड यूनिट को मौके पर पहुचने की सूचना दी गयी। तथा अभियुक्त श्रीपाल उपरोक्त को लेकर घटना स्थल इन्वर्टिस यूनिवर्सिटी के समीप गोपालनगरिया के पास पहुचे कि तब तक फील्ड यूनिट भी मौके पर आ गयी। फील्ड यूनिट की उपस्थिति मे अभियुक्त की निशानदेही पर भौतिक साक्ष्य इक्कठा किया गया ।

**बरामदगी का विवरण**

1-पीडिता के कपडे सूट, फिरोजी रंग का प्लाजो ,दुपट्टा , लेडिज इनरवेयर

2 - पीडिता की एक जुती रंग गुलाबी

3 - लोहे का पाना

4 - तेजाब की एक खाली तथा एक भरी बोतल

5- प्रयोगशुदा एक जोड़ी मेडिकल ग्लब्स

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-**

1-प्रभारी निरीक्षक श्री चन्द्रप्रकाश शुक्ल थाना बिथरी चैनपुर जनपद बरेली ।

2. उ0नि0 पवन कुमार शर्मा थाना बिथरी चैनपुर जनपद बरेली ।

3.का0 973 मुर्तजा हसन थाना बिथरी चैनपुर जनपद बरेली ।

4.का0 1030 सौरभ कुमार थाना बिथरी चैनपुर जनपद बरेली ।